ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 25 नवम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 208


## BLO ने आपका SIR फॉर्म सब्मिट किया या नहीं? घर बैठे ऐसे करें चेक



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के निर्देश पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की प्रक्रिया जारी है. यह प्रक्रिया 4 नवंबर 2025 को फॉर्म वितरण के साथ शुरू हुई थी और अब इसमें कुछ दिनों का ही समय बचा है. SIR की प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में हो रही है. ऐसे में SIR के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) अपडेटेड लिस्ट के साथ घर-घर जा रहे हैं और वोटर्स का कंफर्मेशन और करेक्शन कर रहे हैं. बता दें किएसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और फर्जी वोटरों की सफाई करना है. अगर आपने एसआईआर फॉर्म ऑफलाइन भरा है, तो आपके लिए यह जानना जरूरी है कि BLO ने आपका फॉर्म ऑनलाइन सब्मिट किया या नहीं. आप इसकी जांच घर बैठे मोबाइल से कर सकते हैं.

### बीएलओ ने SIR फॉर्म किया या नहीं कैसे चेक करें?

बीएलओ ने एसआईआर फॉर्म ऑनलाइन सब्मिट किया या नहीं, ये चेक करने के लिए सबसे पहले चुनाव आयोग के वोटर सर्विस पोर्टल VOTERS.ECI.GOV.IN पर जाएं. यहां SIR 2026 सेक्शन में फिल एन्यूमरेशन फॉर्म पर क्लिक करें.

इसके बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर /ईमेल आईडी/EPIC No से लॉग इन करें. इसके लिए मोबाइल नंबर और कैप्चा कोड डालकर रेक्वेस्ट OTP पर क्लिक करें. फिर ओटीपी डालकर वेरिफाई एंड लॉग इन पर क्लिक करें.

अगर आपके बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) ने आपका फॉर्म ऑनलाइन सब्मिट किया है तो आपको अपने डिवाइस की स्क्रीन के सामने 'आपका फॉर्म पहले ही मोबाइल नंबर XXXXXXXXX के साथ जमा कर दिया गया है' लिखा नजर आएगा. अगर आपको ये मैसेज नहीं आता है तो अपने बीएलओ से संपर्क करें.

### ऑनलाइन फॉर्म भरने का भी विकल्प

अगर आप बीएलओ के जरिए ऑफलाइन फॉर्म भरना नहीं चाहते है तो आपके पास ऑनलाइन फॉर्म भरने का भी विकल्प है. हालांकि, इसके लिए मोबाइल नंबर आपके वोटर कार्ड से लिंक होना जरूरी है. ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए Fill Enumeration Form पर क्लिक करें और अपनी स्टेट चुनें. इसके बाद EPIC नंबर डालें और फिर अपनी पर्सनल डिटेल वेरीफाई करें.

ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए आधार कार्ड जरूरी है और यह आपके वोटर आईडी कार्ड के लिंक होना चाहिए. इतना ही नहीं आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड दोनों में नाम एक होना चाहिए.

## भारत पिछले तीन साल में सबसे कम रूसी-तेल खरीदेगाःदिसंबर में 18 लाख की जगह 6 लाख बैरल-पर-डे क्रूड आयात का अनुमान; अमेरिका-EU प्रतिबंधों का असर



24 न्यूज अपडेट

भारत का रूसी तेल आयात दिसंबर में तीन साल के न्यूनतम स्तर पर आ सकता है। अभी भारत रूस से करीब 18 लाख बैरल प्रति दिन (BPD) क्रूड ऑयल खरीद रहा है। दिसंबर में यह 6-6.5 लाख BPD रहने का अनुमान है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने अमेरिकी, यूरोपीय और ब्रिटिश प्रतिबंधों का उल्लंघन न हो, इसके लिए रूसी कच्चे तेल की खरीदी में तेजी से कटौती शुरू कर दी है।

रिफाइनर्स अब रूसी तेल का अल्टरनेटिव सोर्स ढूंढ रहे हैं। रूस से तेल ना खरीदने का मुख्य कारण अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के रूस पर ताजा प्रतिबंध हैं।

### US–EU प्रतिबंधों के बाद सख्ती

अमेरिका के ताजा प्रतिबंध में रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रॉसनेफ्ट और लुकोइल पर सख्ती की गई है। खरीदारों को 21 नवंबर तक इन कंपनियों से लेनदेन बंद करने को कहा गया था। वहीं यूरोपीय यूनियन ने 21 जनवरी 2026 की आखिरी तारीख तय की है।

इसके बाद किसी भी रिफाइनरी द्वारा 60 दिन पहले के रूसी क्रूड प्रोसेस करके बने ईंधन को यूरोप में नहीं बेचा जा सकेगा।

## आयुर्वेदिक दुकान में इंजीनियर से 48 लाख की ठगीःकिडनी डैमेज हुई; 20 लाख लोन लेकर 18GM बूटी, 17 लाख में तेल खरीदा था



कर्नाटक के बेंगलुरु में मंगलवार को 29 साल के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर से आयुर्वेदिक दवाओं के नाम पर 48 लाख की ठगी का मामला सामने आया। पीड़ित ने 22 नवंबर को ज्ञानभारती पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई थी।

पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि उसे यौन स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी थी। इसके इलाज के लिए वह सड़क किनारे एक आयुर्वेदिक टेंट में इलाज के लिए गया था। वहां उसे 'विजय गुरुजी' नाम का एक झोलाछाप मिला। उसके कहने पर इंजीनियर ने 20 लाख में 18 ग्राम बूटी, 17 लाख में तेल सहित कई प्रोडक्ट्स खरीदे थे।

हालांकि, सभी दवाइयां लेने के बावजूद, उसे कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़ित ने जब यह बात विजय को बताई, तो उसने दूसरी दवाइयां लेने की सलाह दी। इसके बाद पीड़ित ने मेडिकल जांच करवाई, तो उसकी किडनी में दिक्कतें सामने आईं।

### पिछले 6 महीने से झोलाछाप के झांसे में था इंजीनियर सॉफ्टवेयर

इंजीनियर शिवमोग्गा जिले का मूल निवासी है। पिछले तीन सालों से एक निजी कंपनी में काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी शादी मार्च 2023 में हुई थी। शादी के बाद कुछ महीनों में, उसे यौन समस्याएं होने लगीं।

केंगेरी के एक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में वह अपना इलाज करवा रहा था। इस साल 3 मई को अस्पताल जाते समय, उसने उल्लाल में एक लॉ कॉलेज के पास सड़क किनारे एक आयुर्वेदिक टेंट लगा देखा। वह अंदर गया, जहां उसे एक आदमी मिला। पीड़ित ने उसे अपनी समस्या बताई।

उस आदमी ने उसकी मुलाकात 'विजय गुरुजी' नाम के डॉक्टर से कराई, जो असल में एक झोलाछाप था। विजय ने उसकी समस्या दूर करने का दावा किया। पीड़ित की जांच करने के बाद, विजय ने उसे बताया कि 'देवराज बूटी' नाम का एक दुर्लभ औषधि उसकी समस्या का इलाज कर देगी।

### विजय के कहने पर एक-एक ग्राम बूटी 1.6 लाख में खरीदी

विजय ने इंजीनियर को यशवंतपुर स्थित विजयलक्ष्मी आयुर्वेदिक औषधि भंडार से यह औषधि खरीदने को कहा। उसने दावा किया कि यह औषधि उत्तराखंड के हरिद्वार से आती है और सिर्फ उसी दुकान पर मिलती है। उसने बताया कि एक ग्राम 'देवराज बूटी' की कीमत 1.6 लाख रुपए होगी।

आरोपी ने इंजीनियर से यह भी कहा कि वह दवा सिर्फ कैश देकर ही खरीद सकता है। उसने पीड़ित को अकेले जाने की सलाह भी दी और कहा कि अगर कोई उसके साथ जाएगा, तो दवा का असर नहीं होगा। पीड़ित अपने घर से पैसे लेकर आयुर्वेदिक दुकान पर गया, बूटी खरीदी और विजय के पास वापस आ गया।

### दवा के लिए 20 लाख लोन लिए, पत्नी से उधार लिए

इसके बाद पीड़ित ने बैंक से 20 लाख का लोन लिया और विजय के कहने पर कुल 18 ग्राम 'देवराज बूटी' खरीदी। विजय ने उसे एक तेल भी दिया, जिसकी कीमत 76,000 रुपए प्रति ग्राम थी। इंजीनियर ने विजय के कहने पर 15 ग्राम तेल खरीदा।

इंजीनियर ने बताया कि उसने हर हफ्ते अपनी पत्नी और माता-पिता से पैसे उधार लिए और तेल सहित अन्य उत्पादों के लिए 17 लाख रुपए चुकाए। उसने 2.6 लाख रुपए प्रति ग्राम कीमत पर चार ग्राम 'देवराज रसबूटी' नाम की एक और दवा खरीदी, जिसके लिए उसने एक दोस्त से 10 लाख उधार लिए।

इस तरह पीड़ित ने विजयलक्ष्मी आयुर्वेदिक दवा की दुकान से कुल 48 लाख रुपए देकर सभी दवाइयां खरीदीं। विजय के सुझाव के मुताबिक, सभी दवाइयां लेने के बावजूद, उसे कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बावजूद विजय ने उसपर और दवाइयां खरीदने का दबाव डाला।

### इंजीनियर ने कहा- और दवा लेने से मना किया तो धमकी दी

जब पीड़ित ने उसे बताया कि उसके पास दवा खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं, तो विजय ने उसे धमकी दी कि अगर उसने दवा नहीं लिया, तो अब तक दिया गया उसका इलाज बेअसर हो जाएगा। जब पीड़ित ने कहा कि दवाओं के कारण उसकी तबीयत खराब हो रही है, तो विजय ने उसे दूसरी दवाइयां लेने को कहा।

इसके बाद इंजीनियर ने मेडिकल जांच करवाई। ब्लड टेस्ट में पता चला कि आयुर्वेदिक दवाओं से उसकी किडनी डैमेज हो गई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि विजय की हर्बल दवाओं के कारण उसकी तबीयत खराब हो गई। उसने विजय, दवा दुकान के मालिक और उसे विजय से मिलवाने वाले शख्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

DCP (दक्षिण-पश्चिम) अनीता बी हद्ननवर ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सड़क किनारे लगे सभी आयुर्वेदिक टेंटों को हटाने का निर्देश दिया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 123 (अपराध करने के इरादे से जहर आदि के माध्यम से चोट पहुंचाना), 316 (आपराधिक विश्वासघात) और 318 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## सोना 1,811 रुपए महंगा होकर 1,25,119 रुपए पर पहुंचाःचांदी का भाव 2,670 चढ़कर 1,56,320 हुआ; इस साल सोना 48,987 और चांदी 70,303 महंगी हुई



24 न्यूज अपडेट

सोना के दाम में आज यानी मंगलवार, 25 नवंबर को तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,811 रुपए महंगा 1,25,119 रुपए पर पहुंच गया है। कल 10 ग्राम सोना 1,23,308 रुपए का था।

वहीं, चांदी 2,670 रुपए महंगी होकर 1,56,320 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,53,650 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## चचेरी बहन की शादी में आई नवविवाहिता प्रेमी से बोली-तुम्हारे साथ रहूंगी, घर नहीं जाउंगी, प्रेमी ने कर दी निर्मम हत्या



24 न्यूज अपडेट

गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर गांव में नवविवाहिता की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने उसके पूर्व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। तीन साल पुराने प्रेम संबंध में उलझे आरोपी ने विवाहिता के दबाव से छुटकारा पाने के लिए उसकी गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना 23 नवंबर की है।

### शादी में मिली, बोली—"ससुराल नहीं जाऊंगी, तुम्हारे साथ ही रहूंगी"

मृतका शिवानी निषाद (20) अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए 21 नवंबर को मायके आई थी। जयमाला के दौरान उसकी मुलाकात गांव में ही रहने वाले पूर्व प्रेमी विनय निषाद उर्फ दीपक से हुई। पुलिस के अनुसार शादी के कुछ समय बाद शिवानी ने विनय से कहा कि वह अब ससुराल नहीं जाएगी और उसके साथ रहने पर अड़ी रही। विनय ने इसी बातचीत के बाद उसे बहाने से देर रात घर ले जाकर योजना को अंजाम दिया।

### रात दो बजे गले पर वार, आरोपी वहीं बैठा देखता रहा तड़प

पुलिस पूछताछ में विनय ने कबूल किया कि उसने शिवानी को उसके घर ले जाकर बगीचे के पास देर रात तक बात की। लगभग रात 2 बजे, उसने शिवानी का माथा चूमकर हंसिया से उसका गला रेत दिया। संघर्ष में दोनों की उंगलियां भी कट गईं। विनय शिवानी के मरने तक वहीं बैठा रहा और फिर मौके से चला गया। अगली सुबह बाथरूम में खून से लथपथ शिवानी की लाश मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शादी के सभी कार्यक्रम तुरंत रोक दिए गए।

### डॉग स्क्वॉयड और सीडीआर ने खोला राज

एसपी नॉर्थ ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार बाथरूम से भारी मात्रा में खून, फिसलन के निशान और संघर्ष के संकेत मिले। डॉग स्क्वॉयड टीम तीन बार सीधे विनय के घर तक पहुंची। इसके बाद सीडीआर निकाले गए तो घटना के समय शिवानी व विनय की बातचीत की पुष्टि हुई। कई घंटे की पूछताछ के बाद विनय टूट गया और हत्या स्वीकार कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हंसिया बरामद कर उसे जेल भेज दिया।

### एक घंटे पहले तक सजी-धजी थी शिवानी

शादी में शामिल होने से ठीक एक घंटे पहले तक शिवानी पूरी तरह तैयार होकर फोटोज़ में नजर आ रही थी। किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही देर में उसका जीवन खत्म हो जाएगा।

## ममता बोलीं- चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन गयाःएंटी-SIR रैली में कहा- यह निष्पक्ष संस्था नहीं; मुझे चुनौती दी तो बीजेपी की नींव हिला दूंगी

24 न्यूज अपडेट

पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह 'बीजेपी आयोग' बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई, तो वे पूरे देश में बीजेपी की नींव हिला देंगी। ममता बोनगांव में एंटी-SIR रैली में को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम – CAA के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। अगर SIR का मकसद अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है, तो बीजेपी शासित राज्यों में SIR क्यों कराया जा रहा है? क्या बीजेपी यह स्वीकार कर रही है कि उसके 'डबल इंजन' वाले राज्यों में भी घुसपैठिए मौजूद हैं? अगर बांग्लादेशी समस्या है, तो आप मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 'SIR' क्यों चला रहे हैं? एक बार SIR के बाद आई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सामने आ जाएगी, तब लोग समझ जाएंगे कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने कितना बड़ा 'विनाश' किया है। मुझे बांग्लादेश एक देश के रूप में बहुत पसंद है, क्योंकि हमारी भाषा एक जैसी है। मैं बीरभूम से हूं, लेकिन एक दिन वे मुझे बांग्लादेशी कहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में इसी वोटर लिस्ट के आधार पर वोट मिले थे। अगर आपका नाम हटा दिया जाता है, तो केंद्र सरकार को भी हटा देना चाहिए। इतनी जल्दी में 'SIR' क्यों चलाया जा रहा है? जब तक मैं यहां हूं, मैं उन्हें आपको बाहर (वोटर लिस्ट से) नहीं निकालने दूंगी। कोई भी आपको बाहर नहीं निकाल सकता।

अगर SIR दो–तीन साल तक किया जाए, तो हम इस प्रक्रिया को हर संभव संसाधन के साथ समर्थन देंगे। बिहार चुनाव परिणाम SIR का ही असर था, और विपक्ष बीजेपी की रणनीति को वहां समझ ही नहीं पाया। अगर बीजेपी बंगाल में मुझे चोट पहुंचाने की कोशिश करेगी, तो मैं पूरे भारत में उसकी नींव हिला दूंगी। भाजपा मुझें राजनीतिक रूप से न तो चुनौती दे सकती है और न ही हरा सकती है।

### 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में SIR जारी

28 अक्टूबर से देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट अपडेट का काम शुरू हो चुका है। यह 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। ये राज्य हैं अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान,तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल। असम में स्पेशल रिविजन हो रहा है।

## सेंसेक्स 314 अंक गिरकर 84,587 पर बंदःनिफ्टी 70 अंक फिसला; IT और मीडिया शेयरों में गिरावट रही, रियल्टी और बैंकिंग चढ़े



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार, 25 नवंबर को सेंसेक्स 314 अंक गिरकर 84,587 पर बंद हुआ। निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही, ये 25,885 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में 23 शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी के 50 में से 33 शेयर्स नीचे बंद हुए। आज रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। जबकि IT, FMCG और मीडिया सेक्टर गिरकर बंद हुए।

## संपादकीय : पुनरीक्षण का दबाव

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद अब अन्य राज्यों में भी इस प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। मगर इन सवालों में अब बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की व्यस्तता और सीमा का मसला भी जुड़ गया है। चुनाव आयोग की ओर से इन अधिकारियों पर जरूरत से ज्यादा दबाव बनाने के आरोप लग रहे हैं। कई राज्यों में बीएलओ के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जिसका विरोध भी हो रहा है। विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि चुनाव आयोग की यह कवायद मतदाता सूची में सुधार नहीं, बल्कि अत्याचार का जरिया बन गया है। काम के दबाव के कारण संबंधित अधिकारियों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है और कुछ को अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है। हालांकि, आयोग का तर्क है कि कुछ अधिकारी इस प्रक्रिया में जानबूझकर लापरवाही बरत रहे हैं। यह सही है कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए मतदाता सूचियों में सुधार जरूरी है। मगर सवाल है कि क्या इस कार्य से जुड़े अधिकारियों पर वास्तव में अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है? अगर ऐसा है तो चुनाव आयोग इस परेशानी को नजर अंदाज क्यों कर रहा है ? बिहार के बाद बारह राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में चार नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया गया है, जो चार दिसंबर तक चलेगा। इनमें छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं। इस प्रक्रिया का जिम्मा मुख्य तौर पर बूथ स्तरीय अधिकारियों को सौंपा गया है। कई राज्यों में इन अधिकारियों की शिकायत है कि उनके पास काम का बोझ बढ़ गया है और उन पर अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा है। वहीं आम लोग भी अपनी परेशानियों के लिए इनसे ही जवाब मांगते हैं। पश्चिम बंगाल में बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। उनकी मांग थी पुनरीक्षण की समय सीमा बढ़ाई जाए, ताकि उन्हें काम के दवाव से राहत मिल सके। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बूथ स्तरीय अधिकारियों का स्वास्थ्य खराब होने और अस्पताल में भर्ती होने की खबरें भी आ रही हैं। ऐसे में चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह इन अधिकारियों को पेश आ रही दिक्कतों का कोई हल निकाले। बूथ स्तरीय अधिकारियों का संगठन और विपक्षी दल यह सवाल भी उठा रहे हैं कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेक चुनाव आयोग जल्दबाजी क्यों कर रहा है। जिस कार्य के लिए दो-तीन माह की जरूरत है, उसे पूरा करने के लिए सिर्फ एक माह की समय सीमा क्यों तय की गई है ? अगर कोई अधिकारी काम के इस दबाव को नहीं झेल पाता है तो उसके खिलाफ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन नहीं करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करना क्या न्यायसंगत है? पिछले करीब तीन हफ्तों के भीतर कई राज्यों में हृदयघात, तनाव और आत्महत्या के कारण पंद्रह से अधिक बीएलओ की जान जाने की खबर आई। अगर यह सच है तो वास्तव में मामला गंभीर और संवदेनशील है। निर्वाचन आयोग को इस पर विचार करना चाहिए । उचित समय लेकर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की ओर ध्यान देना जरूरी है। इस बात पर भी गौर किया जाना चाहिए कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में शामिल कर्मियों पर काम का अनावश्यक दबाव बनाने से गड़बड़ियों की संभावना ज्यादा है। इससे मतदाता सूचियों की शुचिता सुनिश्चित करने का मकसद भी अधूरा ही रह जाएगा।

## छवियों के पार

धर्मेंद्र फिल्मी दुनिया के ऐसे शानदार अभिनेताओं में शुमार किए जाते रहे, जिनके चाहने वाले हिंदी पट्टी से लेकर देश की सीमाओं के पार सिनेमा के आम दर्शकों और मशहूर हस्तियां तक रहे हैं। जाहिर है, धर्मेंद्र के जाने की खबर से हर तबके के सिनेमा प्रेमियों को गहरा धक्का लगा है। हालांकि हिंदी सिनेमा को अपने लंबे दौर में धर्मेंद्र ने जितना दिया है, उसके बूते वे आने वाले समय में उसी शिद्दत से याद किए जाते रहेंगे, लेकिन फिलहाल उनके नाम के साथ जुड़ी तमाम फिल्मों और उसमें उनके अभिनय को याद किया जाना स्वाभाविक है। यह कहा जा सकता है कि फिल्मी दुनिया के ज्यादातर कलाकारों की अपनी शैली रही है, मगर धर्मेंद्र ने अपनी एक खास तरह की अदायगी के बूते सिनेमा में जो जगह बनाई, उसमें वे लोगों के दिल में बसने लगे। फिल्मों में अपने करिअर की शुरुआत के बाद सुपर स्टार की होड़ के बरक्स वे करीब दो-ढाई दशक तक एक स्थिर छ में टिके रहे। यह सही है कि धर्मेंद्र अभिनीत फिल्मों के दीवाने रहे लोगों के बीच सबसे पहले 'शोले' के वीरू का किरदार जीवंत हो उठता है, लेकिन उसके अलावा भी धर्मेंद्र ने जिन फिल्मों में काम किया, उसमें एक अलग छाप छोड़ी। आमतौर पर उन्हें एक्शन फिल्मों में 'ही मैन' यानी मजबूत कद-काठी की आकर्षक छवि वाले अभिनेता के तौर पर देखा जाता है, लेकिन सच यह है कि उनका दायरा इससे काफी बड़ा था। वह चाहे सामाजिक सरोकार वाले मुद्दे पर बनी फिल्म 'सत्यकाम' में अपने आदर्श को लेकर एक जिद्दी नौजवान हो या 'अनुपमा' के संवेदनशील लेखक का किरदार, या फिर इससे इतर चुपके चुपके' में अपने हास्य से दर्शकों के बीच एक अलग छवि में सामने आना, वे किसी खास बंधन वाली छवि में कैद नहीं रहे । अलग-अलग भूमिकाओं वाली उनकी फिल्मों की एक लंबी श्रृंखला है। उन्होंने राजनीति में भी अपनी उपस्थिति दर्ज की, हालांकि सियासत उन्हें रास नहीं आई। दरअसल, अपने बहुआयामी अभिनय के लिए मशहूर हुए धर्मेंद्र निजी जिंदगी में शायरी को पसंद करने वाले एक भावुक, सादा और दरियादिल इंसान थे। धर्मेंद्र ने अपने चाहने वालों की एक ऐसी दुनिया तैयार की, जहां वे अपनी सजीली मुस्कान के साथ हमेशा मौजूद रहेंगे।

## खेमली पंचायत समिति का दर्जा समाप्त करने पर उबालः कस्बा पूरी तरह बंद, घासा को नया पंस. बनाने पर ग्रामीणों का विरोध तेज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर।पंचायतीराज विभाग की नई अधिसूचना में खेमली पंचायत समिति को समाप्त कर उसकी जगह घासा को पंचायत समिति का दर्जा देने के विरोध में मंगलवार को खेमली कस्बा पूरी तरह बंद रहा। सुबह से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और मेडिकल जैसी आवश्यक सेवाओं की दुकानें भी बंद रहीं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने धरना देकर सरकार के फैसले पर कड़ा आक्रोश जताया। भीड़ ने चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला भी खड़ा किया। ग्रामीणों का कहना था कि कांग्रेस सरकार के समय खेमली को पंचायत समिति बनाया गया था, कार्यालय भी शुरू हो चुका था, लेकिन मौजूदा सरकार ने अचानक पुनर्गठन में खेमली की जगह घासा को पंचायत समिति घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार घासा पंचायत समिति में 26 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है, जिनमें नुरड़ा, पलाना खुर्द, विरधोलिया, तुलसीदास की सराय, नांदवेल, गुड़ली, धुणीमाता, सिंदू, रख्यावल, रठाना, मंडी की मगरी, मोतीखेड़ा जैसी पंचायतें भी शामिल की गई हैं। इस पुनर्गठन से खेमली पंचायत केवल एक पंचायत बनकर रह जाएगी और घासा के अधीन चली जाएगी। धुणीमाता ग्राम पंचायत से पहुंचे नानालाल नागदा ने कहा कि यदि सरकार को घासा को पंचायत समिति बनाना ही था, तो नई समिति बनाती। खेमली के पहले से अस्तित्व में आ चुके पंस. कार्यालय को हटाने का कोई औचित्य नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान खेमली से घासा रोड पर टायर जलाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई घंटों तक आवागमन ठप रहा। इस बीच डबोक थानाधिकारी हुकुम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को समझाते हुए कहा— "अपनी मांगें ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाएं, लेकिन आम जनता को परेशान करने वाला रास्ता अवरोध उचित नहीं है।" पुलिस ने पुतले हटाए और भीड़ को किनारे करके आवागमन बहाल करवाया। ग्रामीणों का कहना है कि खेमली की पंचायत समिति पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की घोषणा के बाद बनी थी, जिसका संचालन वर्तमान भवन में चल भी रहा था। अब अचानक उसका दर्जा समाप्त करना स्थानीय लोगों के साथ अन्याय है। कस्बे में पूरे दिन बंद का व्यापक असर देखने को मिला और लोगों ने सरकार से पुनर्गठन में की गई "गलती" सुधारने की मांग की।

## सलूंबर पुलिस–एटीएस–डीएसटी की संयुक्त नाकाबंदी में रोडवेज बस से 46 लाख जब्त, दो युवक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर/उदयपुर। जावर माइंस थाना क्षेत्र में सोमवार शाम सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान की गई नियमित नाकाबंदी पुलिस के लिए बड़ी सफलता बन गई। केवड़ा पुलिस चौकी के पास सलूंबर पुलिस, एटीएस और डीएसटी की संयुक्त टीम ने रोडवेज बस में सफर कर रहे दो संदिग्ध युवकों से 46 लाख रुपये नकद बरामद किए। पैसे 500–500 के नोटों की 92 गड्डियों में भरे हुए थे।

### पुख्ता मुखबिरी के बाद बस रोकी गई, दो युवक पुलिस को देखकर घबराए

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल चावला और वृताधिकारी चांदमल सिंगारिया के मार्गदर्शन में जावर माइंस थानाधिकारी नरेश कुमार अपनी टीम के साथ नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि उदयपुर से बांसवाड़ा जा रही एक रोडवेज बस में बड़ी मात्रा में रकम ले जाई जा रही है। सूचना की पुष्टि पर बस को रुकवाया गया।

तलाशी में पुलिस की नजर दो युवकों पर पड़ी, जो पुलिस को देखकर घबरा गए। टीम ने उन्हें शांत तरीके से हिरासत में लिया और बैगों की जांच की तो नोटों की गड्डियां बरामद हुईं। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई।

### गिरफ्तार आरोपी-दोनों बांसवाड़ा के कुपड़ा गांव के निवासी

एसपी यादव के अनुसार गिरफ्तार युवक हैं- अनिल पुत्र लक्ष्मण पटेल नरेश पुत्र कालूजी पटेल (दोनो निवासी—कुपड़ा, थाना बांसवाड़ा सदर) हैं।

कैश के स्रोत और उसके उपयोग को लेकर दोनों से विस्तृत पूछताछ जारी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी राशि किसके पास से आई और बांसवाड़ा तक ले जाने का उद्देश्य क्या था। जावर माइंस पुलिस का कहना है कि रकम की जब्ती के बाद अब मामला आर्थिक अपराध की दिशा ले सकता है और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

कार्रवाई में निम्न अधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही—

नरेश कुमार – थानाधिकारी जावर माइंस
राजेन्द्र सिंह – सउनि
रविन्द्रपाल सिंह
राकेश – डीएसटी सलूंबर (विशेष भूमिका)
भेराराम – डीएसटी
राजेन्द्र सिंह – एटीएस उदयपुर
सत्येन्द्र सिंह – एटीएस उदयपुर

## मंदिर में चोरी करने आया चोर, लोगों ने किया पीछा तो छत से कूदा, मौत



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर/आसपुर। डूंगरपुर जिले के आसपुर क्षेत्र में सोमवार रात कटकेश्वर महादेव मंदिर पर अचानक मची हलचल एक युवक की मौत का कारण बन गई। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर परिसर में चार युवक संदिग्ध हालात में घुसे हुए थे, जिन्हें देखकर गांव वालों ने दौड़ लगा दी। भगदड़ में एक युवक छत से नीचे गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### 10 बजे मंदिर की लाइटें जलती दिखीं, गांव वालों को हुआ शक

कतीसौर गांव के लोग बताते हैं कि रात करीब 10 बजे मंदिर में जलती लाइट और हलचल देखकर कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पास जाने पर चार युवक मंदिर की ओर से भागते दिखे। तीन युवक तुरंत अंधेरे का फायदा उठाकर निकल गए, लेकिन एक युवक छत से भागने की कोशिश में फिसलकर सीढ़ियों व किनारों से टकराता हुआ नीचे गिर गया। मृतक की पहचान गणेश (पुत्र लालू), निवासी—करकला कीर बस्ती, थाना झल्लारा, सलूंबर के रूप में हुई है।

### मंदिर के तीन दरवाज़ों के ताले टूटे मिले

आसपुर थाना प्रभारी प्रदीप बिट्टू के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मंदिर के तीन दरवाजों पर तोड़फोड़ की गई थी।

पुलिस ने रात में ही पहुंचकर शव को आसपुर अस्पताल की मॉर्च्यूरी पहुंचाया मंदिर परिसर को सील किया और सुरक्षा के लिए दो जवान तैनात किए फोरेंसिक टीम डूंगरपुर से बुलाई गई है, जो मंगलवार को विस्तृत जांच करेगी। स्थल से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जो चोरों की बताई जा रही है।

### ग्रामीणों की कहानीः "बाइक खड़ी की, फिर मंदिर की छत पर चढ़े युवक"

गांव के गट्टू सिंह चौहान का कहना है, "हमने देखा कि दो–तीन युवक बाइक खड़ी कर मंदिर पर चढ़ रहे थे। हमें लगा कि कुछ गलत होने वाला है। जब हम लोग पहुंचे तो तीन युवक भाग निकले। घेरा डालते ही एक युवक ऊपर से कूद पड़ा या फिसल गया।" परिजनों ने उठाए सवालः "गणेश चोर नहीं था, मौत की सच्चाई सामने आए" मृतक गणेश के पिता लालू ने अपने बेटे पर लगे चोरी के आरोपों पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है— "मेरा बेटा चोरी नहीं करता था। वह लकड़ी काटने का काम करता था। लगता है कि गलत संगति में शराब पीकर चला गया होगा। उसकी मौत कैसे हुई, इसकी सही जांच होनी चाहिए।

## गोगुंदा–उदयपुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने मचाई तबाही, 30 से ज्यादा भेड़ें मौत के घाट; चालक फरार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र के गोगुंदा–उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। लंबे ढलान वाले घसियार क्षेत्र में तेज रफ्तार से उतार लेते हुए आए एक ट्रेलर ने सड़क किनारे आगे बढ़ रहे भेड़ों के झुंड को बेरहमी से रौंद दिया। देखते ही देखते करीब 30 भेड़ें मौके पर ही तड़पकर मर गईं। सड़क पर चारों तरफ खून और क्षत-विक्षत शव बिखर गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भेड़ों को हांकते हुए आ रहे गडरिये अचानक तेज रफ्तार ट्रेलर को अपनी ओर आता देख रास्ते से कूदकर किसी तरह बच निकले, लेकिन हादसा इतनी तेजी से हुआ कि वे अपने झुंड को संभाल भी नहीं पाए। ट्रेलर चालक बिना रुके वाहन समेत मौके से भाग निकला। घटना के बाद करीब आधे घंटे तक हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम के भगवतसिंह झाला और बड़गांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैफिक को एक तरफा करवाकर सड़क को सुचारू किया और मृत भेड़ों को हटवाया। पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घसियार का यह ढलान तेज रफ्तार वाहनों के लिए पहले से ही खतरनाक साबित होता रहा है और यहां कई बार हादसे घट चुके हैं। इस घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लिया राष्ट्रसंत पुलक सागर से आशीर्वाद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 नवम्बर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को चित्रकूट नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में विराजित राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर महाराज के दर्शन करने पहुंचे एवं आशीर्वाद लिया । बिरला के पहुंचने पर पुलक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद फांदोत, पारस सिंघवी एवं महावीर वाणावत सहित समाजजनों के पगड़ी, उपर्णा से स्वागत अभिनंदन किया । बिरला ने आचार्यश्री से दिगंबरत्व एवं संतों की तपस्या के बारे में अपनी जिज्ञासाओं को पूछा एवं जाना साथ ही सरकार द्वारा वर्तमान में चल रहे कार्यों एवं व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की एवं कहां कि वे जहां भी आचार्यश्री का चातुर्मास होता है वहां यदि अवसर मिलता है तो जरूर दर्शनार्थ पहुंचते है । अंत में राष्ट्रसंत ने उन्हें इसी तरह देश सेवा करते रहने के लिए मंगल आशीर्वाद प्रदान किया ।

## ध्वजारोहण के साथ आर्यिका सुप्रज्ञमती के सानिध्य में शुरू हुआ समवशरण विधान



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, महावीर कॉलोनी में प्रवासरत आचार्य सुनीलसागर की सुयोग्य शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञमती माताजी ससंघ के मंगल आशीर्वाद में पांच दिवसीय समवशरण विधान का भव्य शुभारंभ हुआ। देव शास्त्र गुरु की आज्ञा लेकर प्रातः आर्यिका के निर्देशन में विधानाचार्य गजेंद्र पटवा के नेतृत्व में पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहण कर्ता परिवार रंजन कुमार सुभद्रा जैन द्वारा ध्वज फहराकर समवशरण विधान की भव्य शुरुआत की गई। मंडप प्रतिष्ठा, सकलीकरण एवं शांतिनाथ भगवान की पूजा की गई। विधान पर कलशों की स्थापना की गई। विधान के सौधर्म इंद्र महेंद्र कुमार शोभना परिवार की अगुवाई में कुबेर इंद्र रोशन लाल लक्ष्मी नागदा, ईशान इंद्र राजेश रीना शाह, महायज्ञ नायक राकेश कुमार संगीता फडिया द्वारा पूजा अर्चना करते हुए वादक की साज आवाज की धुन के साथ विधान पर अर्घ्य समर्पित किए गए। विधान पर बारी बारी से प्रति इंद्र एवं अन्य सभी इंद्र इंद्राणी एवं श्रावक श्राविकाओं द्वारा नाचते झूमते अर्घ्य चढ़ाए गए। आर्यिका संघ के मुखारविंद से इन्द्र इंद्राणीयों द्वारा पूजाएं पढ़ी गई एवं अर्घ्य समर्पित किए गए। विधानाचार्य पटवा ने बताया कि विधान के पहले दिन भगवान को कुल 180 अर्घ्य समर्पित किए गए। इससे पूर्व सोमवार की देर शाम आरती एवं प्रश्न मंच के पश्चात विधानाचार्य पटवा के निर्देशन में विधान के निमित्त बने इंद्र इंद्राणी का प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित कर सभी इंद्र इंद्राणी का समाज की ओर से बहुमान किया गया। विधान के दौरान हुमड समाज अध्यक्ष वीरेंद्र वखारिया, चातुर्मास कमेटी मंत्री कुलदीप जैन, पूर्व महामंत्री शांतिनाथ दिगंबर जैन समाज दिनेश जैन, महावीर कॉलोनी जिनालय मंत्री भूपेंद्र भगोरिया, डॉ रमण लाल जैन, गुणवंत फड़ीया सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

## गोगुंदा-उदयपुर हाईवे पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार को तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से 18 वर्षीय लोकेश गमेती (जोगियों का गुड़ा निवासी) की मौत हो गई। हादसा झामेश्वर महादेव के पास तब हुआ जब पिकअप ने लोकेश की बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सड़क किनारे नाली में जाकर लगभग 50 मीटर तक घिसटती चली गई। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे टीम के भगवत सिंह झाला और गोगुंदा थाना के एएसआई विनेश कुमार मौके पर पहुंचे। लोकेश को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखा और परिजनों की रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डूंगरपुर में एसीबी का बड़ा खुलासा: गिरदावर दिनेश पंचाल पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) की टीम ने बिलड़ी क्षेत्र के पूर्व गिरदावर दिनेश पंचाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि पंचाल ने अपने वैध स्रोत से प्राप्त आय के मुकाबले 308 प्रतिशत अधिक संपत्ति जुटाई थी। जानकारी के अनुसार, दिनेश पंचाल को एसीबी की टीम ने 16 मई 2024 को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। वह नामांतरण की सुविधा प्रदान करने के नाम पर 25 हजार रुपए ले रहे थे। यह कार्रवाई डूंगरपुर एसीबी चौकी प्रभारी रतनसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में की गई थी।

तलाशी में कैश, जेवर और भूखंड के दस्तावेज मिले गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने पंचाल के आवास की छानबीन की। इस दौरान टीम को 42 लाख रुपए नकद, 10 लाख रुपए मूल्य के जेवर, दो आवासीय भूखंड, दो औद्योगिक भूखंड और एक फार्महाउस के दस्तावेज बरामद हुए। इसके अलावा लॉकर की तलाशी में 75 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण भी मिले।

### वैध आय के मुकाबले संपत्ति का बड़ा अंतर

जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि दिनेश पंचाल की कुल वैध आय 1.26 करोड़ रुपए थी, जबकि उनके पास 3.85 करोड़ रुपए की संपत्ति पाई गई। इस तरह उनके द्वारा 308 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करना प्रमाणित हुआ। इसी के आधार पर एसीबी ने नए सिरे से गंभीर मामला दर्ज किया है।

# दुकान में अवैध शराब परोसने वाले के खिलाफ कार्रवाई, दुकानदार गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। पुलिस ने ऑपरेशन स्वच्छता के तहत कार्रवाई करते हुए प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित दुकान में लोगों को बैठाकर शराब परोसने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकानदार को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन स्वच्छता के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, पुलिस उपाधीक्षक रूपसिंह के निकट सुपरविजन में थाना प्रभारी मदनलाल खटीक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम — एएसआई शंकरलाल, हैड कांस्टेबल वालचंद, लक्ष्मणलाल, प्रकाश, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, भीमराज, अशोक, चंद्रपाल सिंह, अल्पेश — ने प्राइवेट बस स्टैंड के पास एक दुकान में लोगों को बैठाकर अंग्रेजी शराब परोस रहे दुकानदार भंवरलाल (45) पुत्र कालू खटीक निवासी एकलव्य कॉलोनी सागवाड़ा को गिरफ्तार किया तथा लोगों को पिलाई जा रही कुल 17 अंग्रेजी शराब की पव्वे जब्त किए।

# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने किया निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर कार्य का जायजा



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी सागवाड़ा सुबोध सिंह चारण ने निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के कार्य का जायजा लिया। जायजा के दौरान ओबरी में नायब तहसीलदार रक्षा डामोर, सुपरवाइजर और बीएलओ की बैठक ली गई तथा जिनकी प्रोग्रेस कम थी, उनकी समस्या की जानकारी लेकर समाधान किया गया। एसआईआर अंतिम चरण में होने से कार्य 2 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शादीशुदा महिलाओं के माता-पिता का नाम एवं पीहर की सूचना भी ईआरओ ऑफिस से खोजकर दी गई। वरदा में भी सुपरवाइजर और बीएलओ के कार्यों की प्रोग्रेस समीक्षा की गई तथा एसआईआर कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नगर के बोहरावाड़ी में प्रोग्रेस नहीं आने के कारण ईआरओ द्वारा सेफिया स्कूल में कैंप आयोजित किया गया। समाज के गणमान्य लोगों को कैंप में आने का निवेदन किया गया तथा पाँच बीएलओ को वहां कार्य हेतु लगाया, जिनके माध्यम से छूटे हुए वोटर्स के परिगणना प्रपत्र भरवाए गए और वहीं ऑनलाइन अपडेट भी किया गया। सभी जगहों पर अधिक से अधिक मतदाताओं को सूचना समय पर देने और बीएलओ को उनके कार्य में सहयोग करने हेतु निर्देश दिए गए। सभी बीएलओ को एप अपडेटेशन तथा जिनके प्रोजेनी मैपिंग हो गई थी, उनके फार्म कैसे भरे जाएंगे—ये जानकारियां भी साझा की गईं। जायजा के दौरान चुनाव शाखा के शैलेश जोशी भी उपस्थित रहे।

# गणेशपुर में स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई: अवैध क्लिनिक पर छापा, संचालक फरार



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। जिले के गणेशपुर क्षेत्र में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने एक फर्जी चिकित्सक द्वारा संचालित अवैध क्लिनिक पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पूरे प्रतिष्ठान को सील कर दिया। टीम के पहुंचते ही क्लिनिक चलाने वाला व्यक्ति मौके से भाग निकला, जबकि परिसर से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयाँ, गर्भनिरोधक गोलियाँ और अन्य चिकित्सकीय सामग्री बरामद हुई।

### बिना डिग्री के 'अस्पताल' जैसी व्यवस्था तैयार

शिकायतों की पुष्टि के बाद आसपुर ब्लॉक के सीएमएचओ डॉ. नागेंद्र सिंह के निर्देशन में यह कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि पीके विश्वास नामक व्यक्ति बिना किसी मान्यता या मेडिकल योग्यता के क्लिनिक चला रहा था और मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा था। टीम के अनुसार दो मंजिला इस क्लिनिक में चार बेड लगाए गए थे, जिससे इसे अस्पताल जैसा स्वरूप दिया गया था। जांच के दौरान ड्रीप की कई खाली बोतलें, इंजेक्शन, विभिन्न अंग्रेजी दवाएँ और प्रतिबंधित सामग्री मिली।

### एक मरीज को तुरंत स्थानांतरित किया

छापे के समय क्लिनिक में एक मरीज भर्ती मिला। सुरक्षा को देखते हुए उसे तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित किया गया। कार्रवाई में सीएचसी रामगढ़ के डॉ. जगदीश शर्मा डॉ. कमला डॉ. सुनील कुमार फार्मासिस्ट महेश कुमार बीपीओ जफर अहमद शामिल रहे।

### क्लिनिक सील, सामग्री जब्त -कार्रवाई आगे बढ़ेगी

टीम ने मौके से मिली सभी दवाइयों और चिकित्सा सामग्री को जब्त कर लिया है। विभाग के अनुसार अवैध क्लिनिक को पूर्ण रूप से सील कर दिया गया है और फरार झोलाछाप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया है कि फर्जी चिकित्सकों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मेरठ में 'ब्लू ड्रम मर्डर केस' की आरोपी मुस्कान ने बेटी को जन्म दिया, पति और बॉयफ्रेंड के बीच अटका पितृत्व का सवाल



24 न्यूज अपडेट

मेरठ। नीले ड्रम में पति का शव छिपाने के सनसनीखेज मामले में जेल में बंद मुस्कान रस्तोगी मां बन गई है। 24 नवंबर की शाम मेडिकल कॉलेज में उसकी नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। नवजात बच्ची पूरी तरह स्वस्थ बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि जिस पति सौरभ राजपूत की हत्या के आरोप में मुस्कान जेल में है, उसी सौरभ का जन्मदिन भी 24 नवंबर को ही था। डिलिवरी से पहले 23 नवंबर की रात जेल चिकित्सकों ने मुस्कान का चेकअप किया था, जिसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। गायनी विभाग की टीम की देखरेख में 5 डॉक्टरों ने प्रसव कराया। मुस्कान ने बेटी का नाम 'राधा' रखा है। यह उसकी दूसरी संतान है। बड़ी बेटी पीहू फिलहाल नाना-नानी के साथ रह रही है।

पति की हत्या के मामले में जेल, अब बच्ची का पितृत्व सवालों में मुस्कान को 19 मार्च को उसके कथित बॉयफ्रेंड साहिल के साथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के समय वह लगभग डेढ़ माह की गर्भवती थी। अब बच्ची के जन्म के बाद सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो गया है कि नवजात का पिता कौन है—सौरभ या साहिल? सौरभ के बड़े भाई ने साफ कहा है कि परिवार बच्ची का DNA टेस्ट कराएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि बच्ची सौरभ की साबित हुई तो परिवार उसे अपनाने के लिए आगे आएगा।

### जेल में भी गूंज उठा सवाल- बेटा हुआ या बेटी?

अगली सुबह जेल स्टाफ को साहिल ने यह पूछकर चौंका दिया कि "मुस्कान की डिलीवरी हो गई? बेटा हुआ या बेटी?" अधिकारियों ने उसे जानकारी दी कि मुस्कान ने बेटी को जन्म दिया है और दोनों स्वस्थ हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा के अनुसार जेल नियमावली के तहत बच्चे 6 वर्ष की आयु तक मां के साथ जेल में रह सकते हैं। मुस्कान की नवजात भी इसी व्यवस्था में उसके पास ही रहेगी। जेल प्रशासन ने बताया कि मुस्कान के परिवार ने न तो अस्पताल में कोई संपर्क किया और न ही जेल से कोई संवाद। इसलिए नवजात के कपड़े, दवाएं और अन्य आवश्यक चीजों की व्यवस्था जेल प्रशासन ही कर रहा है। जेल में बच्चों के लिए खेलने, पढ़ने और टीकाकरण की भी व्यवस्था है। आंगनवाड़ी से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक हर सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### अस्पताल से छुट्टी के बाद फिर लौटेगी जेल

मुस्कान और उसकी बच्ची मेडिकल कॉलेज के सुरक्षित वार्ड में विशेष निगरानी में हैं। डॉक्टरों की अनुमति के बाद ही मुस्कान को सुरक्षा के साथ वापस मेरठ जेल लाया जाएगा। यहां वह अन्य महिला बंदियों की तरह अपनी नवजात के साथ रह सकेगी।

# कोटपूतली में लॉरेंस बिश्नोई के नाम की जैकेट बेचते 3 गिरफ्तार, पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर बड़ी कार्यवाही, 35 जैकेट जब्त



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 नवंबर। पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के बाद पुलिस ने अपराधियों और गैंगस्टरों को लाइक-फॉलो करने और उनका प्रचार-प्रसार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही शुरू की है। इसी क्रम में थाना कोटपूतली पुलिस की टीम ने कस्बे में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम का महिमामंडन करने वाली वस्तुएं बेचने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

कोठपुतली-बहरोड़ एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली और वृताधिकारी राजेन्द्र कुमार बुरड़क के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोटपूतली पुलिस टीम ने आसूचना संकलन किया। सूचना के आधार पर टीम ने कस्बा कोटपूतली के सिटी प्लाजा से लॉरेंस बिश्नोई के नाम का प्रचार करने वाली जैकेट बेचते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारशुदा व्यक्तियों के पास से 35 जैकेट जब्त की गई हैं।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान कृष्ण उर्फ गुड्डू पुत्र महावीर शर्मा (38), संजय सैनी पुत्र नंछूराम (31) और सुरेशचन्द शर्मा पुत्र मोहरे लाल (50) के रूप में हुई है। ये तीनों ही कोटपूतली क्षेत्र के निवासी हैं।

आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के कृत्य समाज में अपराध को बढ़ावा देते हैं और युवाओं को गुमराह करते हैं। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अपराधियों/गैंगस्टरों का महिमामंडन करने वाले या उनका किसी भी रूप में प्रचार-प्रसार करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ यह प्रभावी कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।

# आत्मनिर्भर बने छात्राएं: डॉ. बी. लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में पुलिस की विशेषज्ञ टीम ने सिखाए व्यावहारिक गुर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 नवंबर। जयपुर स्थित डॉ. बी. लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए एक विशेष आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के साथ सुरक्षित रहने के लिए तैयार करना था। पूरे सत्र को छात्राओं के लिए अत्यंत सार्थक और सशक्तिकरण से परिपूर्ण बताया गया।

यह महत्वपूर्ण कार्यशाला पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स एवं कम्युनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। सत्र का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुश्री सुनीता मीणा और उनकी प्रशिक्षित टीम ने किया।

टीम ने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा की सरल, उपयोगी और परिस्थितियों के अनुरूप तकनीकों का गहन अभ्यास कराया, जिससे वे आपातकालीन स्थितियों का सामना करने में सक्षम हो सकें। प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रतिभागियों को सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण ऑनलाइन और हेल्पलाइन संसाधनों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

इनमें CEIR.GOV.IN (खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन की रिपोर्टिंग), RajCop Citizen App (नागरिक हितैषी पुलिस सेवाओं तक आसान पहुँच) और राष्ट्रव्यापी महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 शामिल हैं। इन संसाधनों की जानकारी ने छात्राओं को यह एहसास कराया कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है।

भविष्य में भी जारी रहेगा यह प्रयास संस्थान परिवार ने छात्राओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए सुश्री सुनीता मीणा और उनकी टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रबंधन ने उम्मीद जताई है कि छात्राओं को सतर्क और आत्मविश्वासी बनाने वाले इस तरह के उपयोगी जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

# उत्तरी-पश्चिम रेलवे के जीएम अमिताभ को MNNIT का 'डिस्टिंग्विश्ड एलुमनी अवॉर्ड'




24 न्यूज अपडेट

जयपुर। उत्तरी-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ को मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNNIT), इलाहाबाद–प्रयागराज ने उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक नेतृत्व और सार्वजनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'डिस्टिंग्विश्ड एलुमनी अवॉर्ड—2025' से सम्मानित किया है। यह सम्मान 16 नवंबर को संस्थान में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन पूर्व विद्यार्थियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में व्यावसायिक उत्कृष्टता, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व का उच्च मानक स्थापित किया हो। अमिताभ ने MNNIT से 1986 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.ई. और 1988 में प्रोडक्शन में एम.ई. की उपाधि हासिल की थी।

### रेलवे प्रशासन में तीन दशक से अधिक का अनुभव

भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा (IRSME) के 1987 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अमिताभ वर्तमान में IRMS कैडर के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे रेलवे बोर्ड में निदेशक, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, प्रयागराज मंडल के डीआरएम और दिल्ली मंडल के एडीआरएम जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

### उत्तर पश्चिम रेलवे को दी नई दिशा

महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने यात्री सुविधाओं का विस्तार, सुरक्षा उपायों की मजबूती और पर्यावरण-अनुकूल पहलों को बढ़ावा देने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके नेतृत्व में अक्टूबर 2023 से उत्तर पश्चिम रेलवे ने समयपालन (पंक्चुअलिटी) में देशभर में पहला स्थान हासिल किया। ऑपरेशन सुधार, आधारभूत संरचना के विकास और कई बड़ी परियोजनाओं की प्रगति ने क्षेत्रीय विकास को नई गति दी है।

### पहले भी मिल चुके हैं कई सम्मान

प्रयागराज में डीआरएम रहते हुए कुंभ मेला–2019 के दौरान उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया था। इसके अलावा, रेल मंत्री ने भी उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए पुरस्कृत किया। रेलवे बोर्ड में निदेशक (सुरक्षा) के रूप में उनके योगदान पर वर्ष 2005 में उन्हें रेल मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# पुलिस दूरसंचार भर्ती: लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर, शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET/PST) के लिए तारीखें जारी, जयपुर में होगा आयोजन

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 नवम्बर। पुलिस दूरसंचार में कॉन्स्टेबल (सामान्य/चालक) भर्ती के तहत विज्ञापित 1469 पदों के लिए 13 सितम्बर, 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। सभी सफल अभ्यर्थियों का विवरण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

### दिसम्बर में शुरू होंगे शारीरिक परीक्षण

उप महानिरीक्षक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड मनोज कुमार ने बताया कि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सामान्य और चालक वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अब अगला चरण शारीरिक दक्षता एवं मानक परीक्षण (PET/PST) होगा।यह महत्वपूर्ण चरण 01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। शारीरिक परीक्षण का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी अभी से तेज कर देनी चाहिए।

ई-प्रवेश पत्र जारी, एसएसओ आईडी से करें डाउनलोड पीईटी/पीएसटी में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के ई-प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट HTTPS://RECRUITMENT2.RAJASTHAN.GOV.IN, HTTPS://WWW.POLICE.RAJASTHAN.GOV.IN पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से तुरंत अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करें। प्रवेश पत्र में पीईटी/पीएसटी के आयोजन के लिए अभ्यर्थी की निश्चित तिथि, समय और स्थान स्पष्ट रूप से अंकित है।

यदि किसी अभ्यर्थी को अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या आ रही है, तो उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अभ्यर्थी सहायता के लिए पुलिस मुख्यालय, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकते हैं। वैकल्पिक रूप से वे दूरभाष नम्बर 0141-2821597 पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं।

# सुनीता मिश्रा के खिलाफ जांच में देरी पर भड़की ABVP: "रिपोर्ट नहीं तो उग्र आंदोलन अनिवार्य"



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलगुरु सुनीता मिश्रा के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं, प्रशासनिक लापरवाही, विवादित बयानबाजी और छात्रहितों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोपों की जांच में देरी अब आलोचना का कारण बन गई है। कमेटी पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सदस्य कर क्या रहे हैं। केवल टीए—डीए और अपने सुपर बॉस के आदेशों का खेल तो नहीं खेल रहे। कहीं किसी उपरी आदेश के इंतजार में छात्र हितों की अनदेखी और पुराने विरोधों व आंदोलनों का कबाड़ा तो नहीं करने वाले है। चर्चा तो सुविवि में यह है कि कार्यवाहक वीसी ने फिल्डिंग जमा दी है, अब केवल अवकाश प्राप्त वीसी की सुरक्षित सीट वापसी का इंतजार किया जा रहा है। वैसे भी अब तक घर बैठे वीसी को दी गई लाखों की तनख्वाह भी आलोचना का कारण बन गई है। इतना लंबा सवैतनिक अवकाश आखिर कौनसे पद पर मिलता है, यह छात्रों की फीस के पैसे का सरेआम दुरूपयोग है। इसकी जांच होनी चाहिए। अब लगातार हो रही देरी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नाराजगी और चिंता जताई है। महानगर मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि लगातार विरोध-प्रदर्शन, तालाबंदी और कई चरणों में आंदोलन के बाद राज्यपाल ने एक जांच समिति का गठन किया था, जिसके बाद ABVP ने सद्भावना के तहत आंदोलन स्थगित कर दिया था। लेकिन जांच प्रक्रिया में अब तक कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही। इकाई अध्यक्ष प्रवीण टांक ने कहा कि समिति गठित हुए दो माह से अधिक समय बीत चुका है, मगर न रिपोर्ट सामने आई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई। यह देरी इस बात का संकेत है कि या तो समिति मामले को अनावश्यक रूप से लटका रही है या फिर कुलगुरु सुनीता मिश्रा अपनी प्रभावशाली स्थिति का उपयोग कर रही हैं। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की गरिमा, प्रशासनिक पारदर्शिता और छात्र अधिकारों के लिए सीधे खतरे के रूप में वर्णित किया।

## ABVP ने रखीं तीन स्पष्ट मांगें

जांच पूर्ण होने तक कुलगुरु सुनीता मिश्रा को तत्काल निलंबित किया जाए। जांच समिति 7 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। समिति की बैठकें और प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक पोर्टल पर जारी की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इकाई सचिव त्रिभुवन सिंह ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं होती, तो परिषद विश्वविद्यालय परिसर में पुनः उग्र आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी नए तनाव या अव्यवस्था की स्थिति के लिए जांच समिति ही पूर्णतः जिम्मेदार होगी।

# सड़क सुरक्षा व CPR पर एक दिवसीय प्रशिक्षणः 40 प्राध्यापक हुए प्रशिक्षित



**24 न्यूज अपडेट**

सलूम्बर। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के निर्देश पर हाड़ारानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सलूम्बर में WHO CCET–AIIMS नई दिल्ली एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा, CPR एवं आपातकालीन देखभाल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मुकेश चौहान ने की। शुरुआत में WHO CCET–AIIMS नई दिल्ली के श्री जगदीशचन्द्र (प्रोजेक्ट ऑफिसर) और श्री आयुष का माल्यार्पण व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य प्रशिक्षक जगदीशचन्द्र ने सड़क दुर्घटना प्रबंधन, CPR तकनीक और आपातकालीन प्राथमिक हस्तक्षेप पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। जिले के महाविद्यालयों–सलूम्बर, सराड़ा, सेमारी, ऋषभदेव, खैरवाड़ा और लसाडिया से कुल 40 प्राध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के बाद ये प्राध्यापक अपने-अपने महाविद्यालयों में 100 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे, जिससे सड़क सुरक्षा एवं जीवन-रक्षक तकनीकों का व्यापक प्रसार होगा। डॉ. मुकेश चौहान ने AIIMS नई दिल्ली के अधिकारियों और आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. देवेंद्र मेघवाल ने प्रस्तुत की।

# उदयपुर में 'सरदार @150 यूनिटी मार्च - गंगा प्रवाह यात्रा' का भव्य स्वागत



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर दिल्ली से प्रारंभ हुई 'यूनिटी मार्च – गंगा प्रवाह यात्रा' मंगलवार शाम प्रतापनगर चौराहा होते हुए उदयपुर पहुंची, जहां राणा प्रताप मंडल अध्यक्ष कन्हैया वैष्णव, देबारी मंडल अध्यक्ष प्रतापसिंह राठौड़ और दोनों मंडलों की टीमों सहित जिला पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। लगभग 10 बसों में सवार 325 प्रतिनिधिमंडल फतह स्कूल के बाहर एकत्र हुआ और वहाँ से सुरजपोल तक जुलूस के रूप में पत्रक वितरण व जनसंपर्क करते हुए आगे बढ़ा।

सुरजपोल स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद यात्रा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, संगठन जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक, जिला महामंत्री डॉ. पंकज बोराना व देवीलाल सालवी, यात्रा संयोजक जगदीश शर्मा और सह-संयोजक हिमांशु बागड़ी के नेतृत्व में बापूबाजार होते हुए टाउन हॉल पहुंची। भाजपा शहर जिला मीडिया प्रभारी डॉ. सीमा चंपावत ने बताया कि यह यात्रा दिल्ली से अलवर, कोटा और चित्तौड़गढ़ होकर उदयपुर पहुंची है तथा यहां रात्रि विश्राम के बाद केवड़िया (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) के लिए रवाना होगी। जम्मू-कश्मीर, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब आदि राज्यों से आए 325 प्रतिनिधि, युवा मोर्चा कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता इसमें शामिल हुए। प्रतापनगर से टाउन हॉल तक मार्ग में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. कविता जोशी, श्यामा प्रसाद मंडल अध्यक्ष विजय आहूजा तथा सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने भी पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के आगे चल रहे DJ पर राष्ट्रभक्ति गीतों के बीच नगर निगम प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग प्रस्तुति और 'पधारो म्हारे देश' की धुनों से वातावरण देशभक्ति से भर उठा। टाउन हॉल पहुंचने पर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि यह यात्रा आत्मनिर्भर भारत, एकता और स्वदेशी संकल्प का सशक्त संदेश दे रही है। यात्रा संयोजक जगदीश शर्मा ने बताया कि नगर निगम पहुंचते ही सभी पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चुनीलाल गरासिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद सामर, जिला उपाध्यक्ष करणसिंह शक्तावत, दिग्विजय श्रीमाली, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरसिंह पंवार, जिला मंत्री प्रकाश अग्रवाल, तुषार मेहता, खुशबू मालवीया, हजारी जैन, अशोक शर्मा, तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने 'होमस्टे एडवेंचर @70+' पुस्तक का किया विमोचन



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 25 नवम्बर। पर्यटन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया ने मंगलवार को 'होमस्टे एडवेंचर @70+' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक होमस्टे व्यवसाय की अवधारणा, संचालन विधियों तथा सात वर्षों के व्यावहारिक अनुभवों पर आधारित है।

पुस्तक के लेखक डॉ. सुमन भटनागर और मनीष भटनागर ने बताया कि यह पुस्तक होमस्टे संचालित करने की इच्छा रखने वाले नए उद्यमियों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका की तरह तैयार की गई है। इसमें न केवल होमस्टे के संचालन के तकनीकी पहलुओं का उल्लेख है बल्कि वास्तविक अनुभवों और सीख को भी सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है।

विमोचन अवसर पर सांसद श्री गरासिया ने कहा कि "यह पुस्तिका पर्यटन क्षेत्र में कदम रखने वाले युवाओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगी तथा उन्हें सही दिशा देगा।" उन्होंने लेखकों की इस पहल की सराहना करते हुए पर्यटन उद्योग में बढ़ते अवसरों पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सांसद श्री गरासिया को श्रीमती उषा रानी भटनागर और सुमन भटनागर द्वारा लिखित 'जीवन यात्रा के बदलते रंग' पुस्तक की प्रति भी भेंट की गई।

# पहाड़ियों के बीच स्कूली बच्चों को स्वेटर बांटे : राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर का सेवा मन से अभियान




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा मंगलवार को उदयपुर शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर अलसीगढ़ क्षेत्र में पहाड़ियों के बीच स्थित सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्वेटर और ऊनी टोपी वितरित किए।

संस्थान की कोषाध्यक्ष रीना जैन ने बताया कि गिर्वा पंचायत समिति क्षेत्र में पोपल्टी पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आड़ और राजकीय प्राथमिक विद्यालय कलतिया फला में पांचवीं तक के छोटे बच्चों को स्वेटर और ऊनी टोपी वितरित किए गए। समाजसेवी हरीश राजानी और संदीप कुशवाह (रामगिरी) के सहयोग से बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि इस अभियान में पोलो ग्राउंड निवासी समाजसेवी गजेंद्र जैन भी सहयोगी बने है। स्कूल स्टाफ ने संस्थान के प्रयास की सराहना की और कहा कि पहाड़ियों के बीच स्कूल होने से यहां के बच्चों की तरफ आम तौर पर किसी संस्थान या दानदाता का ध्यान ही नहीं जाता,लेकिन राजस्थान समाज सेवा संस्थान ने बच्चों के लिए स्वेटर और ऊनी टोपी की व्यवस्था की इससे अब तेज सर्दी में भी छोटे बच्चों को स्कूल आने में परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# सत्संग में बैठने से विचारों का शमन होता हैः पुष्कर दास महाराज



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 25 नवम्बर। झीलों की नगरी में बडग़ांव स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, होली चौक में मंदिर प्रतिमा पुनर्स्थापना समारोह के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा में कथावाचक पुष्कर दास महाराज के मुख से अमृतवाणी बरस रही है।

संगीतमय भागवत कथा में छठे दिन पुष्कर दास महाराज ने कहा भीड़ में सत्य नहीं होता, भजन एकांत में ही हो सकता। जितनी उंगलियां मोबाइल पर चलती उतनी माला पर चलती तो कल्याण हो जाता। जीवन में रामरस आ जाए तो जीवन हो बदल जाता है, कथा सत्संग सुनने से व्यक्ति पाप करने से बचता है। कथा अच्छे मार्ग पर ले जाती है, कथा बुराइयां छुड़ाती है, आगे कहा कई लोग कथा में बैठते है परन्तु मन कही और होता है। विचारों की भीड़ सभी जगह है, विचार अपने लोगों के होते है। मां को बेटे का, पत्नी को पति का, माता पिता को बच्चों का विचार रहता है। सत्संग में बैठने से हमारे विचारों का शमन होता है, सत्संग से हमे जीवन जीने का ज्ञान होता है। भगवान शंकर कैलाश पर्वत पर पार्वती के साथ राम के नाम का जप करते है। जिसने सत्य को पकड़ा उसने ईश्वर को पकड़ा, सूरदास जी में इतनी भक्ति करने के बाद भी अहंकार नहीं था। हरी कहते है जो मुझे मन से भजता है में उसका चाकर बन जाता हु। ये हमारा सौभाग्य है जो हमे सत्संग और भगवान के दर्शन का लाभ मिल रहा है। सूरदास जी में इतनी भक्ति करने के बाद भी अहंकार नहीं था। कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा यशोदा मैया ने महंगे हार, हीरे मोती लुटाए क्यों कि ईश्वर के सामने ये इनकी कोई कीमत नहीं है। आगे पूतना के वध का वर्णन किया, शकटासुर को बालक कृष्ण ने मारा। कृष्ण ने गोपियों के कोमल मन रूपी मक्खन को चुराया है दूध के मक्खन को नहीं। कृष्ण ने मटकियां फोड़ी थी जिस जीवात्मा के सिर पर अहंकार रूपी पाप की मटकी फोड़ी थी। चीरहरण लीला में साड़ी, कपड़े का चीर नहीं बल्कि वासना का चीर हरण किया। कृष्ण ने दावा नल अग्नि का पान किया। जिसकी आत्मा हर दम हरी चित्त में लगी रहे वही गोपी है। कथा में रास लीला का विस्तार से वर्णन किया द्य आगे महाराज ने कहा हर सनातनी के घर में तुलसी का पौधा होना चाहिए। विठ्ठल वैष्णव ने बताया कि कथा के अंत में वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान द्वारा 200 तुलसी के पौधे भक्तों को प्रसाद स्वरूप बांटे गए।

# सिकल सेल सक्षम राजस्थान फाउंडेशन, तीसरे स्थापना दिवस का भव्य आयोजन – "हम हैं सक्षम"



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, सिकल सेल सक्षम राजस्थान फाउंडेशन ने अपना तीसरा स्थापना दिवस उदयपुर में जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार के रूप में भव्य और सफलतापूर्वक मनाया। इस वर्ष की थीम रही— "हम हैं सक्षम"।

कार्यक्रम में देशभर से आए चिकित्सा विशेषज्ञ, सिकल सेल वॉरियर्स, सिकल सेल पर कार्य करने वाली संस्थाओ प्रतिनिधि, मरीज सहायता ग्रुप पैरामेडिकल टीमें तथा विभिन्न राज्यों के अतिथियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेष अतिथि एवं ऑनलाइन संबोधन

डॉ. लाखन पोसवाल एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान से डॉ. मनीष चौधरी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और उन्होंने सिकल सेल वॉरियर्स, मरीजों और परिवारों के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने रोग प्रबंधन, जीवनशैली सुधार, सरकारी योजनाओं, सामुदायिक जागरूकता और भविष्य की रणनीतियों पर उपयोगी सुझाव साझा किए।पैनल डिस्कशन कार्यक्रम के दौरान दो महत्वपूर्ण पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए, जिनमें निम्न प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई पेशेंट-सेंट्रिक अप्रोच,मरीजों की वास्तविक चुनौतियाँ,काउंसलिंग की महत्वपूर्ण भूमिका,राज्य स्तरीय सिकल सेल कार्ययोजना,सामुदायिक सहभागिता एवं जागरूकता,विशेषज्ञों और सिकल सेल वॉरियर्स ने सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देते हुए शिक्षा, उपचार और जागरूकता के लिए एकीकृत मॉडल की सलाह दी। फाउंडेशन टीम का योगदान कार्यक्रम के सफल संचालन में फाउंडेशन की टीम का विशेष योगदान रहा डायरेक्टरः सविता देवी नगराम खराड़ी,मैनेजिंग डायरेक्टरः बसंती देवी,एडवाइजरः महिपाल कटारा, विजयलक्ष्मी खांट,टीम के सभी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत एवं सत्कार किया।

## विशिष्ट उपस्थिति

नास्को के सचिव श्री गौतम डोंगरे, श्री प्रभात सिन्हा, तथा विभिन्न राज्यों से आए सिकल सेल वॉरियर्स और प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई जिसमे नेहा वर्मा, पल्लवी वर्मा – छत्तीसगढ़,डॉ. रुचिता – गुजरात,स्वाति, हर्ष – मध्यप्रदेश,भावेश रायचा – वलसाड रक्तदान केंद्र,पराग सागर – जबलपुर ,विनीत बड़वानी प्रतिनिधि , इन सभी अतिथियों ने अपने अनुभवों और सुझावों से कार्यक्रम को सार्थक बनाया।सेमीनार सत्रों की मुख्य बातें

पूरे दिन चले सेमीनार कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कई महत्वपूर्ण क्लिनिकल विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए—क्लिनिकल प्रस्तुति एवं निदान – डॉ. आर. एल. सुमन,सिकल सेल रोग प्रबंधन – डॉ. डिप्टी जैन,जेनेटिक काउंसलिंग की भूमिका – डॉ. लाखन पोसवाल,क्लिनिकल मैनिफेस्टेशन **– डॉ. भूपेश जैन, सिकल सेल वॉरियर्स का सम्मान**

सिकल सेल वॉरियर्स की प्रेरक कहानियाँ, अनुभव साझा करना और सम्मान समारोह कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली हिस्सा रहा। राजस्थान में सिकल सेल जागरूकता को मजबूत दिशा देने में फाउंडेशन के ललित किशोर पारगी एवं प्रमोद गोचर का निरंतर योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और समापन उद्बोधन के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।यह आयोजन राजस्थान को सिकल सेल मुक्त राज्य बनाने की दिशा में सिकल सेल सक्षम राजस्थान फाउंडेशन का एक महत्वपूर्ण और सार्थक कदम सिद्ध हुआ।

ललीत पारगी

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।